छत्तीसगढ़ शासन
चिकित्सा शिक्षा विभाग
**मंत्रालय**
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांकः **GENCOR-35/5744/2026/MED/55** नवा रायपुर, दिनांक07-07-2026

प्रति,

आयुक्त,
चिकित्सा शिक्षा विभाग,
स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः- इजराइल में होम-केयरगिवर भर्ती हेतु नर्सिंग योग्यताधारी अभ्यर्थियों से घरेलू कार्य करवाने एवं सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के संबंध में नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं भविष्य की रक्षा करने बाबत्।

-----000-----

उपरोक्त विषयांतर्गत राज्यपाल के सचिवालय से प्राप्त पत्र क्र 2585/4875/2026/रास/शि.प्र., दिनांक 25/06/2026 संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

2/ उपरोक्त विषयांतर्गत पत्र में डॉ. राकेश गुप्ता, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रायपुर द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय को सम्बोधित पत्र दिनांक 12.06.2026 के अंतर्गत इजराइल में होम-केयरगिवर भर्ती हेतु नर्सिंग योग्यताधारी अभ्यर्थियों से घरेलू कार्य करवाने एवं सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के संबंध में नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं भविष्य की रक्षा करने हेतु आवेदन किया गया है।

3/ अतः नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही कर विभाग को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
SONCHAND SAHU
Date: 07-07-2026
17:09:33

(सोनचंद साहू)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
चिकित्सा शिक्षा विभाग

पृ. क्रमांक: **GENCOR-35/5744/2026/MED/55** नवा रायपुर, दिनांक07-07-2026

प्रतिलिपिः-

1. राज्यपाल के अवर सचिव, लोक भवन, छत्तीसगढ़, रायपुर. 492001।
2. डॉ. राकेश गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पता- नए बस स्टैण्ड के सामने, आर.सी.टावर्स, प्रथम तल, रायपुर, छत्तीसगढ़, मोबाइल नं.- 9424223860, की ओर उनके आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2026 के संदर्भ में।

की ओर सूचनार्थ।

Sd/-

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
चिकित्सा शिक्षा विभाग

राज्यपाल के अवर सचिव
Under Secretary to Governor

राज्यपाल का सचिवालय
लोक भवन, छत्तीसगढ़, रायपुर - 492001
दूरभाष : 0771-2331163/101
फैक्स : 0771-2331104
ईमेल : rajbhavan.cg@nic.in

सत्यमेव जयते

क्रमांक / 2585 / 4875 / 2026 / रास / शि.प्र. रायपुर, दिनांकः 25 / 06 / 2026

प्रति,

प्रमुख सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग,
मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर,
नवा रायपुर, अटल नगर।

DS

विषयः– इजराइल में होम–केयरगिवर भर्ती हेतु नर्सिंग योग्यताधारी अभ्यर्थियों से घरेलू कार्य करवाने एवं सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के संबंध में नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं भविष्य की रक्षा करने बाबत्।

---

डॉ0 राकेश गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, नए बस स्टैण्ड के सामने, आर.सी. टावर्स, प्रथम तल, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय को सम्बेधित उपर्युक्त विषयांकित आवेदन पत्र दिनांक 12.6.2026 मूलतः संलग्न है।

2/ निर्देशानुसार अनुरोध है कि आवेदन पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से आवेदक एवं इस सचिवालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्न – यथोपरि,

राज्यपाल के अवर सचिव
छत्तीसगढ़

पृ0 क्रमांक / / 4875 / 2026 / रास / शिप्र. रायपुर, दिनांक / 06 / 2026

प्रतिलिपि–

डॉ0 राकेश गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पता– नए बस स्टैण्ड के सामने, आर.सी. टावर्स, प्रथम तल, रायपुर, छत्तीसगढ़ (मो. नं.–9424223860) की ओर उनके आवेदन पत्र दिनांक 12.6.2026 के संदर्भ में सूचनार्थ।

राज्यपाल के अवर सचिव
छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**डॉ. राकेश गुप्ता**
चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष
संपर्कः +91 94242-23860

12 JUN 2026

लोकभवन सचिवालय
रायपुर (छ.ग.)
12 JUN 2026
उप सचिव

**प्रदेश कार्यालय राजीव भवन ,बी टी आई चौक , शंकर नगर , रायपुर छत्तीसगढ़**

सेवा में,
महामहिम राज्यपाल महोदय,
छत्तीसगढ़ राजभवन, रायपुर (छ.ग.)

12.06.2026

***विषयः इज़राइल में होम-केयरगिवर भर्ती हेतु नर्सिंग योग्यताधारी अभ्यर्थियों से घरेलू कार्य करवाने एवं उनकी सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के संबंध में।***

महोदय,

सविनय निवेदन है कि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इज़राइल में "होम-केयरगिवर" के पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन का अवलोकन करने पर अत्यंत चिंता एवं व्यथा का अनुभव हुआ।

उक्त विज्ञापन में जी.एन.एम, बी.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, नर्स असिस्टेंट तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु पात्र बताया गया है। किंतु विज्ञापन में वर्णित कार्य-दायित्वों में रोगी देखभाल के अतिरिक्त खाना बनाना, घर की सफाई (Housekeeping), कपड़े धोना (Laundry), खरीदारी करना, घरेलू कार्य करना तथा अन्य विशेष कार्य भी सम्मिलित हैं।

महोदय, नर्सिंग एक सम्मानित, वैज्ञानिक एवं पेशेवर स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय है। एक नर्स का कार्य रोगियों की शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक देखभाल करना, उपचार में सहयोग देना, स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना तथा रोगी की चिकित्सा आवश्यकताओं का प्रबंधन करना है। नर्सों को वर्षों तक कठिन प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञ बनाया जाता है। ऐसे में उनसे घरेलू सहायक जैसे कार्य करवाना न केवल अनुचित है, बल्कि नर्सिंग व्यवसाय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को भी गंभीर आघात पहुंचाने वाला है।

निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान अपेक्षित है:

1. ***नर्सिंग पेशे की गरिमा का हनन:***
नर्सों को घरेलू कार्यों के लिए नियोजित करना उनके पेशेवर कौशल और योग्यता का अवमूल्यन है। इससे समाज में नर्सिंग पेशे की छवि प्रभावित होगी।
2. ***व्यावसायिक शोषण की संभावना:***
प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों को स्वास्थ्य सेवाओं के बजाय घरेलू कार्यों में लगाना उनके पेशेवर अधिकारों का उल्लंघन है।
3. ***राष्ट्रीय नर्सिंग संसाधनों का दुरुपयोग:***
भारत में पहले से ही प्रशिक्षित नर्सों की आवश्यकता है। ऐसे में उन्हें घरेलू सेवाओं के लिए विदेश भेजना देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी हानिकारक हो सकता है।

-2-

**नए बस स्टैंड के सामने , आर सी टावर्स ,प्रथम तल , रायपुर छत्तीसगढ़**
**ईमेल: eye2ent@gmail.com**

4. ***कार्य की स्पष्टता का अभाव:***

विज्ञापन में "Special Duties" एवं "Employer की आवश्यकता अनुसार कार्य" जैसे अस्पष्ट शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिससे कार्य के दायरे के असीमित विस्तार और शोषण की आशंका बढ़ती है।

5. ***सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएँ:***

वर्तमान में इज़राइल क्षेत्र निरंतर सुरक्षा चुनौतियों, युद्ध एवं सैन्य तनाव की परिस्थितियों से प्रभावित रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय स्वास्थ्यकर्मियों, विशेषकर महिलाओं को भेजना उनकी शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील विषय है।

6. ***मानवाधिकार एवं श्रम अधिकारों की सुरक्षा:***

क्या इन अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त कानूनी सुरक्षा, बीमा, आपातकालीन निकासी योजना, कार्यस्थल सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र तथा भारतीय दूतावास द्वारा संरक्षण की स्पष्ट व्यवस्था की गई है? इसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है।

7. ***महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा:***

विज्ञापन में 90% पद महिलाओं हेतु दर्शाए गए हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं कार्यस्थल पर उत्पीड़न से संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान अनिवार्य होने चाहिए।

8. ***भारतीय नर्सिंग परिषद (INC) की भावना के विपरीत:***

नर्सिंग शिक्षा का उद्देश्य रोगी देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है, न कि प्रशिक्षित नर्सों को घरेलू सहायिका के रूप में कार्य करने के लिए तैयार करना।

महोदय, छत्तीसगढ़ की बेटियाँ एवं स्वास्थ्यकर्मी राज्य और राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं। उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित रोजगार उपलब्ध कराना शासन की जिम्मेदारी है। यदि किसी रोजगार अवसर में उनकी योग्यता के अनुरूप कार्य, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है, तो उस पर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है।

***अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि:***

1. उक्त भर्ती प्रक्रिया की तत्काल समीक्षा कराई जाए।

2. नर्सिंग योग्यताधारी अभ्यर्थियों से घरेलू कार्य करवाने संबंधी प्रावधानों को हटाया जाए।

3. नर्सिंग पेशे की गरिमा और पेशेवर पहचान की रक्षा हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ।

4. इज़राइल की वर्तमान सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए अभ्यर्थियों की सुरक्षा पर विस्तृत मूल्यांकन कराया जाए।

5. भर्ती प्रक्रिया में कार्य की स्पष्ट परिभाषा, सुरक्षा प्रावधान, बीमा, कानूनी संरक्षण एवं आपातकालीन सहायता व्यवस्था सार्वजनिक की जाए।

6. भारतीय नर्सिंग परिषद एवं राज्य नर्सिंग परिषद से इस विषय पर परामर्श लिया जाए।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता एवं दूरदर्शिता के साथ आवश्यक हस्तक्षेप कर राज्य के हजारों नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा एवं भविष्य की रक्षा करेंगी।

भवदीय,

Dr. Rakesh Gupta 12.06.2026

डॉ राकेश गुप्ता
अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

प्रतिलिपि:

1. माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन।

2. मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन।

3. सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन। ।

4. सचिव, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग छत्तीसगढ़ शासन। ।

5. भारतीय नर्सिंग परिषद (INC), नई दिल्ली।

6. छत्तीसगढ़ नर्सिंग परिषद।

# छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
# पुराना नर्सेस हास्टल, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
# रायपुर, छ.ग.

फोन नं. : 0771-2227600 ईमेलः snrc.cg@gmail.comवेबसाइट : www.cgnrc.org

क्रं./रजि. नर्सिंग कां./स्था./2026/2710 रायपुर, दिनांक 11/6/2026

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शासकीय/निजी नर्सिंग महाविद्यालय
शासकीय/निजी जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र

विषयः– **Regarding Temporary Employment of Indian Workers (Caregivers) in Specific Sectors in Israel.**

संदर्भः–
1. पत्र क्रं./03/नर्सिंग/File No.:ESTB-1/2594/2026 नवा रायपुर, दिनांक 21/05/2026।
2. **Additional Secretary, Government of Indian, Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) D.O.No. SD – 73/2022-IC Division-Part (1), Dated 30th April, 2026.**

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदभिर्त पत्र के परिपेक्ष्य लेख है कि Government of Indian Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) has Requested Regarding Temporary Employment of Indian Workers (Caregivers) in Specific Sectors in Israel.

अतः अपने सस्थाओं में प्रशिक्षित पंजीकृत उपचर्या (नर्सो) को भारत सरकार के संलग्न पत्र अनुसार Israel जाने वाले इच्छुक नर्सो की सूची सहित Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) भारत सरकार से समन्वय कर इस कार्यालय को सूचित करें।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
रायपुर (छ.ग.)

क्रं./रजि. नर्सिंग कां./स्था./2026/ रायपुर, दिनांक / /2026

प्रतिलिपिः–

1. अध्यक्ष, सह संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, प्रथम तल स्वास्थ्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सयुक्त संचालक (नर्सिंग) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, प्रथम तल स्वास्थ्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. उप संचालक नर्सिंग (ट्रेनिंग) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, प्रथम तल स्वास्थ्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. अवर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नवा रायपुर, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर की सूचनार्थ प्रेषित।

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
रायपुर (छ.ग.)

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
## छत्तीसगढ

नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक / 03 / नर्सिंग / File No.:ESTB-1/2594/2026- नवा रायपुर, दिनांक 21/05/2026

प्रति,

रजिस्ट्रार,
छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल
पुराना नर्सेस हॉस्टल, रायपुर।

विषय :– Regarding temporary employment of Indian workers (caregivers) in specific sectors in Israel.

संदर्भ :– Additional secretary, Government of India, Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) D.O.No. SD – 73/2022-IC Division-Part (1), Dated 30th April, 2026

/ / 00 / /

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि, Government of India, Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) has requested regarding temporary employment of Indian workers (caregivers) in specific sectors in Israel.

उक्त पत्र में कृपया नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें द्वारा अनुमोदित।

Digitally signed by
Dr.Nidhi Gwalre
Date: 21-05-2026
17:32:47

उप संचालक(नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ

पृ.क्रमांक / 03 / नर्सिंग / File No.:ESTB-1/2594/2026 नवा रायपुर दिनांक......................

प्रतिलिपिः–

1. अवर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नवा रायपुर, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवायें की ओर सूचनार्थ।

उप संचालक(नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

(9)

निरंजन कुमार सुधांशु, भा.प्र.से.
अपर सचिव
Niranjan Kumar Sudhansu, IAS
Additional Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
AND ENTREPRENEURSHIP

D.O. No. SD-73/2022-IC Division-Part(1)

30th April, 2026

CHIEF SECRETARY OFFICE
E-Office Dak No. 951534
Date 05/05/2026

- 4 MAY 2026

Dear

The Government of India and Israel have signed a Framework Agreement on facilitating temporary employment of Indian workers in specific sectors in Israel. Under this, five Implementation Protocols have been concluded between the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE) and the Population and Immigration Authority (PIBA), Israel, covering Construction, Caregiving, Commerce & Services, Restaurants, and Manufacturing sectors.

2. Under Implementation Protocol B (Caregiving Sector), the Israeli side has indicated a requirement of 3,500 home-based caregivers for one year starting June 2026, including an initial pool of 350 caregivers to be made available by 1st June 2026. MSDE is taking necessary steps to facilitate timely deployment under this arrangement. NSDC as implementation agency for MSDE will carry out the entire screening process in co-ordination with the state skill development department/Skill development missions. Support of the state is crucial for mobilizations and pre-screening of suitable candidate. You are requested to kindly mobilize and pre-screen eligible candidates in line with the enclosed job descriptions to enable early deployments.

3. For coordination, **Shri Harikesh Meena, Director (International Coordination), MSDE** (Phone: 26773013; Mobile: 8894329056; Email: harikesh.meena41@ias.nic.in) is the nodal officer. He may be contacted along with **Ms. Shahina Kurashi, Deputy General Manager, NSDC** (Email: shahina.kurashi@nsdcindia.org; Mobile: 7065201068).

4. I would request your personal intervention to ensure timely mobilization and deployment. Your support in advancing the Skill India initiative is deeply appreciated.

With warm regards,

Yours sincerely,


**(Niranjan Kumar Sudhansu)**

**Principle Secretaries/ Secretary Skill/Vocational Education Department/ Administrators of all States/UTs**
(as per list attached)

Encl.: As above

# कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ शासन



Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

# इज़राइल में होम-केयरगिवर (केयरगिवर) संधि के अंतर्गत रोजगार का अवसर

**कम से कम ₹ 2,00,000 तक प्रतिमाह आय की संभावना**
**इज़राइल में भारतीय प्रोफेशनल केबरगिवर के रूप में**
**उच्च मांग (होम-केयरगिवर)**

कौशल, सेवा, समृद्धि

## कुल उपलब्ध पद - 3500

### पात्रता मानदंड

- लिंग : महिला (90%)
  पुरुष (10%)
- शैक्षिक योग्यता : न्यूनतम 10वीं उतीर्ण
- आयु : 25 से 45 वर्ष
- पासपोर्ट वैधता : कम से कम 3 वर्ष वेलता आपस्थक
- ऊंचाई : न्यूनतम 152 सेंटीमीटर
- वजन : 45 किलोग्राम वा उससे अधिक
- इंग्लिश दक्षता : संवादात्मक स्तर (बुनियादी)

### डिप्लोमा / प्रमाणपत्र (निम्म में से कोई एक अनिवार्त)

**नर्सिंग क्षेत्र**

- GDA (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट)
- नर्सिंग सहायक (Nurse Assistant)
- जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी (GNM)
- पोस्ट बेसिक B.Sc. नर्सिंग
- B.Sc. नर्सिंग
- केयरगिवर सर्टिफिकेट / डिप्लोमा

**फिजियोथेरेपी क्षेत्र**

- फिजियोथेरेपी असिस्टेंट डिप्लोमा
- फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन डिप्लोमा

**अन्य संबंधित क्षेत्र**

- हेल्थ केयर असिस्टेंट डिप्लोमा
- कम्युनिटी हेल्थ असिस्टेंट डिप्लोमा
- आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन (EMT) डिप्लोमा
- होम हेल्थ एड कोर्स

### महत्वपूर्ण बिंदु

छत्तीसगढ़ कौशल, सेवा समृद्धि

रोजगार हेतु इजराइल जाने के लिए लगने वाले शुल्क के लिए लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।
साथ ही, अभ्यर्थियों को पासपोर्ट बनाने में सहायता प्रदान की जाएगी।